मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, मिर्जापुर, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, प्रतापगढ़ में वितरित

Visit Us at : www.kadamkadampar.com

# कदम कदम पर

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

RNI No. : MAHHIN/2014/55126 PR No. : MNE/329/2023-2025 POSTED AT BHANDUP (E) POST OFFICE, MUMBAI-42 ON EVERY TUESDAY संपादक : छोटेलाल शर्मा

वर्ष - 10 अंक - 36 मुंबई, सोमवार, दिनांक 29 मई से 04 जून 2023 पृष्ठ : 04 कीमत : 3 /- रुपये

## 20 फार्म हाउस पर छापा

### बिजली विभाग की कार्रवाई



**मुंबईः** महाराष्ट्र के बिजली विभाग ने बिजली चोरी करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण लिमिटेड के अधिकारी ठाणे जिले के मुरबाड तहसील पहुंचे। यहां फार्म हाउस के साथ-साथ रिजॉर्ट्स पर छापेमारी की। विभाग ने एक विज्ञप्ति जारी कर कहा कि उड़न दस्ते ने 20 फार्म हाउस पर छापा मारा था। इस दौरान अधिकारियों को नौ फार्म हाउस बिना मीटर के पाए गए। यहां अवैध रूप से फार्म हाउस संचालकों ने 52,429 यूनिट बिजली की खपत की। विज्ञप्ति में बताया गया कि निरीक्षण के दौरान 30.46 लाख रुपए की बिजली चोरी सामने आई है। अधिकारियों का कहना है कि फार्म हाउस के मालिकों के खिलाफ नोटिस जारी किया गया है। बिल और जुमार्ना न भरने पर उन पर कार्रवाई की जाएगी।

### महाराष्ट्र पुलिस ने रुकवाया बाल विवाह

बाल विवाह के खिलाफ महाराष्ट्र पुलिस एक्शन में नजर आई। पुलिस ने महाराष्ट्र के पालघर में बाल विवाह को रुकवाकर नाबालिग लड़की को आजाद करा दिया। पुलिस अधिकारी नीता पडवी ने बताया कि ग्रामीण पुलिस को जानकारी मिली थी कि अदालत के पास नाबालिग किशोरी की शादी होने वाली है। इसके बाद टीम सादे कपड़ों में मौके पर पहुंच गई। यहां पता चला कि युवती 18 साल से छोटी है। जबकि, युवक 19 साल का था। पुलिस का कहना है कि मामले में केस दर्ज कर लिया है, आगे की कार्रवाई जारी है।

## 'प्रेगनेंसी के लिए मजबूर करना मौलिक अधिकार का अपमान'

### बॉम्बे हाई कोर्ट ने महिला को दी गर्भपात की अनुमति

**मुंबईः** बॉम्बे हाईकोर्ट ने अपने एक महत्वपूर्ण फैसले में स्पष्ट किया कि महिला को गर्भावस्था जारी रखने के लिए मजबूर करना बच्चे को जन्म देने की इच्छा व गरिमा के मौलिक अधिकार का अपमान है। साथ ही कोर्ट ने गर्भवती हुई पीड़ित महिला को 23 सप्ताह के भ्रूण के गर्भपात की अनुमति दे दी है। न्यायमूर्ति अभय अहूजा व न्यायमूर्ति एमएम साठे की खंडपीठ ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत महिला के बच्चा पैदा करने की इच्छा को उसकी व्यक्तिगत स्वतंत्रता का हिस्सा माना है। एमटीपी के केस में महिला का अपने शरीर पर पूरा हक है। सर्वोच्च न्यायालय की यह बात मौजूदा मामले में पूरी तरह से लागू होगी। वैसे भी अभी महिला का भ्रूण 24 सप्ताह से ऊपर नहीं हुआ है। लिहाजा महिला को गर्भपात की इजाजत दी जाती है। खंडपीठ ने महिला को राहत देते समय उसकी जांच को लेकर पेश की गई मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट पर भी विचार किया। यह रिपोर्ट कोर्ट के निर्देश के तहत पेश की गई थी। नियमानुसार,




20 सप्ताह से अधिक के भ्रूण का गर्भपात अदालत की अनुमति के बिना नहीं किया जा सकता है। इसलिए पीड़िता ने गर्भपात की अनुमति को लेकर कोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका में महिला ने दावा किया था कि यदि उसे गर्भपात की अनुमति नहीं दी गई, तो इससे उसकी मानसिक चिंता बढ़ेगी। वह दूसरे बच्चे की देखरेख करने की स्थिति में नहीं है। इसलिए उसे गर्भपात की अनुमति दी जाए।

**क्या है पूरा मामला ?**

दुष्कर्म का शिकार पीड़िता ने अजय सूमरा नाम के शख्स से 2018 में शादी की थी। शादी के बाद पीड़िता को एक बेटा हुआ था। पीड़िता के मुताबिक, 7 अक्टूबर 2022 को शराब के नशे में उसके पति ने उसे व उसके बेटे को पीटा। इससे दुखी पीड़िता ने रात में अपने दोस्त को फोन किया। दोस्त के आने के बाद महिला बच्चे को लेकर उसके साथ चली गई। 23 अक्टूबर, 2022 को पीड़िता के दोस्त ने बच्चे की देखरेख व उससे शादी करने का वादा कर उसके साथ संबंध बनाए। बेबसी के चलते पीड़िता ने दोस्त का विरोध नहीं किया। कुछ समय बाद पीड़िता गर्भवती हो गई। जब महिला ने अपने दोस्त को इसकी जानकारी दी तो, उसने महिला को गर्भपात कराने के लिए कहा। तीन महीने बीतने के बाद महिला के दोस्त ने उससे शादी करने से मना कर दिया। यही नहीं, उसने महिला को अपने गर्भवती होने की बात छिपाने के लिए भी दबाव बनाया। उसे धमकाया भी। दोस्त का कहना था कि जो बच्चा महिला के गर्भ में है, वह उसका नहीं है। इससे नाराज महिला ने आरोपी के खिलाफ मुंब्रा पुलिस स्टेशन में धारा 376(2)(एन) व 506 के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

## विदेशी महिला के साथ-साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को सजा



**मुंबईः** मुंबई घूमने आई पेरू की महिला के साथ छेड़छाड़ करने के आरोप में कोर्ट ने मनचले को दो साल के कारावास की सजा सुनाई है। बायकुला पुलिस ने बताया कि इसी साल मार्च में पेरू की एक 38 साल की महिला अकेले भारत घूमने आई थी। वह मुंबई के एक गेस्ट हाउस में रुकी थी। यहां 19 साल का आरोपी भी काम करता था। इस दौरान उसने महिला के साथ सेल्फी लेने की इच्छा जताई। सेल्फी लेते वक्त आरोपी ने महिला के साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। महिला ने इसके बाद थाने में केस दर्ज कराया और कोर्ट ने आरोपी को दो साल की जेल और पांच हजार के जुमार्ने की सजा सुनाई है।

## मंसूर अहमद नगर पालिका चुनार के नव निर्वाचित पालिकाध्यक्ष





**शिवा शर्मा**

**चुनार।** नगर स्थित पीडीएनडी इंटर कालेज के प्रांगण में शुक्रवार की शाम झमाझम हो रही बारिश में नगर पालिका चुनार के नव निर्वाचित पालिकाध्यक्ष मंसूर अहमद को उप जिला मजिस्ट्रेट नवनीत सेहारा ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाया। पालिकाध्यक्ष के बाद उन्होंने पुरूष एवं महिला सभासदों को अलग अलग शपथ ग्रहण कराया। इस दौरान उन्होंने नव निर्वाचित पालिकाध्यक्ष व सभासदों को बधाई देते हुए कहा कि नगर के लोगों ने आप सबको चुना है उम्मीद है आप उस पर खरा उतरेगें और जन मानस व जन कल्याण के लिए काम करते रहेगे। नव निर्वाचित पालिकाध्यक्ष मंसूर अहमद ने लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मैं वादा करता हूं कि नगर में जो भी विकास कार्य होगा वह जनता के मर्जी से करूंगा। जात-पात, मजहब व दलगत भावना से उपर उठकर आप लोगों के विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास करूँगा। शपथ ग्रहण कार्यक्रम के दौरान देवी प्रसाद त्रिपाठी, मेजर कृपा शंकर सिंह, ब्रम्हानंद शुक्ल, ज्योति प्रकाश सिंह, जेएस पब्लिक स्कूल के प्रबंधक अखिलेश सिंह, डॉ सत्यवान श्रीवास्तव, दयाशंकर पांडेय, राजेन्द्र सिंह, राजू यादव, दिनेश सिंह, पालिका के प्रधान लिपिक शैलेश कुमार, सफाई निरीक्षक लालमणि, गौरव पांडेय सहित भारी संख्या में नगरवासी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन अधिशासी अधिकारी राजपति बैस ने किया।

नव निर्वाचित पालिकाध्यक्ष व सभासद के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान मंच पर बैठने की दुर्व्यवस्था को लेकर भाजपा सभासद व उनके समर्थकों ने शोर शराबा शुरू कर दिया। पुलिस के समझाने व अधिशासी अधिकारी के अनुरोध पर कुछ देर बाद वह शांत हुए और अपना स्थान ग्रहण किए।

### पालिकाध्यक्ष के लिए चुनौती

निर्वाचित पालिकाध्यक्ष के लिए नगर में शुद्ध पेयजल आपूर्ति साफ सफाई व जल निकासी की समस्या बड़ी चुनौती होगी।शपथ ग्रहण करने के उपरांत अपनी कार्य योजना पर बात करते हुए पालिकाध्यक्ष ने बताया कि पालिका के जिन वार्डो में पेयजल की समस्या है वहां की व्यवस्था सुदृढ़ करना पहली प्राथमिकता होगी और सभी वार्डो में पहले से बेहतर साफ सफाई व जल निकासी की व्यवस्था पर ध्यान दिया जाएगा।नगर में स्थाई स्टैंड, लोगों को सुबह शाम टहलने हेतु पार्क व बाहर से आने वाले पर्यटकों के ठहरने के लिए अतिथि गृह की स्थापना मुख्य मुद्दा है।

## केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल 1 जून को मुंबई में



**मुंबई–** केन्द्रीय वाणिज्य व उद्योग मंत्री अनुप्रिया पटेल,एवम उत्तर प्रदेश के तकनिकी (टेक्निकल) शिक्षा मंत्री आशीष सिंह पटेल 1जून को मुंबई में आ रहे है। वे 1 जून 2023 को शाम 5 बजे नवी मुंबई, उरण,जे एन पी टी एरिया,सोनारी में डॉ सुभाष सिंह (आथोर्पेडिक सर्जन) के पैनेशिया हास्पीटल के उद्घाटन समारोह में शामिल होंगे।



यूपीएससी परीक्षा के नतीजे में नाई समाज की सुश्री श्रुति कोकाटे को 608 वां नंबर मिला है। सुश्री श्रुति कोकाटे मुंबई पुलिस बल के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक सुभाष राव कोकाटे की बेटी हैं। उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं

**कदम कदम पर** परिवार की तरफ से हार्दिक शुभेच्छा!



## संपादकीय

छोटे लाल शर्मा, प्रधान संपादक

## दवाओं की गुणवत्ता

यह तथ्य चकित करने वाला है कि दवा बनाने वाली कंपनियों के लिए गुणवत्ता नियंत्रण का कोई नियम नहीं है और स्वयं कंपनियां ही अपनी दवाओं की गुणवत्ता का सत्यापन करती हैं। यह ठीक नहीं और ऐसे समय तो बिल्कुल भी नहीं, जब दवाओं की गुणवत्ता को लेकर दुनिया भर में जागरूकता बढ़ रही है। चूंकि भारत एक बड़ा दवा निर्यातक देश है और उसे विश्व का औषधि कारखाना कहा जाता है, इसलिए सरकार के लिए यह आवश्यक है कि वह दवा कंपनियों के लिए क्वालिटी कंट्रोल का कोई भरोसेमंद नियम बनाए। इस नियम के दायरे में निर्यात होने वाली दवाएं भी आनी चाहिए और देश में बिकने वाली दवाएं भी, क्योंकि नकली और खराब गुणवत्ता वाली दवाएं बिकने की शिकायतें आती ही रहती हैं। इससे संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि पिछले दिनों विदेश व्यापार महानिदेशालय ने एक अधिसूचना जारी कर कहा कि एक जून से कफ सिरप निर्यातकों को विदेश भेजने के पहले अपने उत्पादों का निर्धारित सरकारी प्रयोगशालाओं में परीक्षण कराना आवश्यक होगा। प्रश्न यह है कि यह नया नियम केवल खांसी के सिरप पर ही क्यों लागू हो रहा है? क्या इसलिए कि पिछले वर्ष गांबिया और उज्बेकिस्तान में भारतीय दवा कंपनियों की ओर भेजे गए कफ सिरप में खामी पाई गई? विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारतीय कंपनियों की ओर से इन देशों में निर्यात किए गए कफ सिरप से कुछ बच्चों की मौत का भी दावा किया। यद्यपि इस दावे को भारत ने चुनौती दी, लेकिन देश से निर्यात होने वाले कफ सिरप की गुणवत्ता को लेकर विश्व के कुछ देशों में संशय पैदा होना स्वाभाविक है। यह ठीक है कि विदेश व्यापार महानिदेशालय ने कफ सिरप के मामले में एक आवश्यक कदम उठाया, लेकिन ऐसा कदम तो निर्यात होने वाली सभी दवाओं के मामले में उठाया जाना चाहिए। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि कुछ समय पहले एक भारतीय फार्मा कंपनी की ओर से अमेरिका भेजी गई आई ड्राप में खामी मिलने की बात सामने आई थी। भारत जेनेरिक दवाओं का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता है और दुनिया के कुल जेनेरिक उत्पादन का लगभग 20 प्रतिशत आपूर्ति करता है। भारत के दवा उद्योग की व्यापकता को इससे समझा जा सकता है कि देश में तीन हजार से ज्यादा दवा कंपनियां हैं, जो दस हजार से ज्यादा फैक्ट्रियों के जरिये दवाओं का उत्पादन करती हैं। 2014 से 2022 के बीच भारत का दवा निर्यात दोगुने से भी ज्यादा बढ़कर 24.6 अरब डालर के स्तर पर पहुंचा। स्पष्ट है कि भारत को अपने दवा उद्योग की साख को बचाने के लिए हरसंभव जतन करने होंगे। जिस तरह विदेश व्यापार महानिदेशालय कफ सिरप के निर्यात के मामले में सक्रिय हुआ, उसी तरह औषधि महानियंत्रक को भी यह सुनिश्चित करना चाहिए कि देश में बनने वाली दवाओं की गुणवत्ता को लेकर कहीं कोई सवाल न उठने पाए।

# पति से ज्यादा कमाने वाली तलाकशुदा पत्नी को गुजारा भत्ता नहीं मिलेगा

## मुंबई सेशन कोर्ट का बड़ा फैसला



**मुंबई.** मुंबई के एक सेशन कोर्ट ने पति-पत्नी के अलग होने के बाद गुजारा भत्ता दिए जाने के दावे को लेकर एक बड़ा फैसला सुनाया है. कोर्ट ने महिला को अंतरिम गुजारा भत्ता देने के मामले में राहत देने से इनकार कर दिया. ट्रायल कोर्ट ने इस बारे में आदेश दिया था कि महिला अपने पूर्व पति से ज्यादा कमाती है इसलिए उसे गुजारा भत्ता नहीं मिलेगा. ट्रायल कोर्ट के आदेश के बाद महिला ने सेशन कोर्ट में याचिका दी थी. सेशन कोर्ट ने भी इस आदेश को बरकरार रखा है. कोर्ट ने कहा कि महिला की इनकम अपने पूर्व पति से चार लाख रुपये ज्यादा है. इस मामले पर सुनवाई करते हुए जस्टिस सीवी पाटिल ने कहा, ह्यइस केस में मजिस्ट्रेट कोर्ट ने जो फैसला किया है वह परिस्थितियों को देखते हुए सही है.ह्व कोर्ट ने कहा कि महिला की इनकम अपने पूर्व पति से चार लाख रुपये ज्यादा है. महिला ने साल 2021 में अपने ससुराल वालों के खिलाफ घरेलू हिंसा का केस फाइल किया था. उसका कहना था कि बच्चे के जन्म के बाद उसे जबरदस्ती मायके भेज दिया गया. इसके बाद एक कोर्ट ने पति से 10 हजार रुपये का गुजारा भत्ता हर महीने देने को कहा था, जिससे कि बच्चे का पालन-पोषण हो सके.



श्रीमती सुशीला देवी शर्मा (पूर्व सभासद ) धर्मपत्नी अनिल कुमार शर्मा उर्फ राजू भाई ( जिला सलाहकार एम डब्ल्यू ओ ) के शपथ ग्रहण समारोह मे शामिल हुए संगठन के पदाधिकारी श्री शिवदयाल शर्मा (प्रांतीय महासचिव एवम जिला प्रभारी सुल्तानपुर), श्री हनुमान प्रसाद शर्मा (जिलाध्यक्ष सुल्तानपुर), श्री अजीत कुमार शर्मा (जिलाउपाधयक्ष ) , श्री दुर्गेश शर्मा (जिला महासचिव ), श्री बिशाल शर्मा (यूथबिग्रेड अहमदाबाद) इत्यादि लोगो ने सभासद जी को माला अर्पण किया और जीत की बधाई दी।



बुरहानपुर निवासी डॉ सुभाष जी माने, अशोक पवार, मोहनलाल जी चांगल, मनोज जी माने




Telhara **महाराष्ट्र निवासी, स्वर्गीय ताराचंद जी के सुपुत्र, सबके चहते, सेन समाज के हर कार्य में सदैव तत्पर,अग्रसर,मितभाषी, राष्ट्रीय संगठन श्री नारायणी सेना के राजस्थान प्रभारी, महाराष्ट्र प्रदेश सचिव, मेरे प्रिय भतीजे गोपाल व सौ बहुजी को विवाह वर्ष गांठ पर हार्दिक बधाई शुभकामनाए अभिनंदन आशीष।।**

सौ लता अशोक पवार
खंडाला वैजापूर रोहा,
अशोक लालचंद पवार
अध्यक्ष महाराष्ट्र प्रदेश श्री नारायणी सेना संगठन। ।
सभी मान्यवर पदाधिकारी
मखाना परिवार १ँ३,
छापर वाल परिवार संभाजी नगर।।
राजस्थान सेन मारू सेन समाज ट्रस्ट मंडल नाशिक।।
महाराष्ट्र राज्य तलाठी संघटना।।
श्री जबरेश्वर गणपति मंदिर ट्रस्ट मंडल, खंडाला।।
श्री भोलेनाथ मंदिर ट्रस्ट मंडल वैजापूर

राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक समाचारपत्र
**कदम कदम पर**
संरक्षक
**जे.पी. शर्मा**
संपादक
**छोटेलाल शर्मा**
०९८१९८६२१७२
प्रबंध संपादक
**अनिल शर्मा**
०९८३३३२९७२१
उप संपादक
**हरिशंकर शर्मा (मुन्ना)**
**राजन शर्मा**
आर्थिक सलाहकार
**सतीशचंद्र गुप्ता**
प्रतिनिधि
**सौरभ उमेश प्रताप सिंह**
**राजेश कुमार शर्मा**
**कानूनी सलाहकार**
**एड. बी.एम. शर्मा**
**एड. आर. आर. शर्मा**
**एड. भाष्करानंद द्विवेदी**
मो. ९४५२७९१५७०
**(न्याय क्षेत्र मुंबई)**
**सभी पद अवैतनिक हैं**
व्हॉट्सएप नं. ९८३३२३५०६३

# एसी लोकल में समस्या, यात्रियों को करना पड़ा असुविधा का सामना



**मुंबई:** चर्चगेट जानेवाली वातानुकूलित लोकल ट्रेन के दो डिब्बों में २४ मई, २०२३ को एयर कंडिशनिंग की समस्या आ गई थी। नतीजतन, ट्रेन का ठहराव समय भायंदर, मीरा रोड, दहिसर, बोरीवली और बांद्रा में बढ़ा दिया गया था। स्टेशनों पर दोनों बोगियों में यात्रियों की अफरा-तफरी के कारण हड़कंप मच गया। दरअसल, यह पहली दफा नहीं है, इससे पहले भी कई बार एसी की समस्या हुई है। जिसकी वजह से यात्रियों को तकलीफ का सामना करना पड़ा है। यात्रियों ने ट्रेन सुविधाओं के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने और यात्रियों की यात्रा सुखद बनाने के लिए नियमित रखरखाव और मरम्मत के लिए जोर दिया है। इस वक्त पश्चिम रेलवे द्वारा सप्ताह के दिनों में ७९ एसी लोकल सेवाएं प्रदान की जा रही हैं, जिसमें प्रतिदिन औसतन लगभग ९०,००० यात्री सफर करते हैं। मगर कल और बीते महीनों में हुई एसी से जुड़ी समस्या नियमित रखरखाव और सर्विसिंग में लापरवाही को दशार्ता है। असुविधा का सामना करनेवाले यात्रियों का कहना है कि आवश्यक सुविधाओं के रखरखाव और समय पर मरम्मत पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। ट्रेन में यात्रा करनेवाले एक यात्री ने अनुभव को 'भयानक' बताया और उल्लेख किया कि कूलिंग की कमी के कारण किसी ने बांद्रा स्टेशन पर अलार्म की चेन खींच दी। नतीजतन, ट्रेन बांद्रा में लगभग पांच मिनट तक रुकी रही।

## आर्थिक विवाद को लेकर बेटे ने पिता को ट्रैक्टर से कुचला, मौत



**मुंबई:** महाराष्ट्र के सांगली जिले में बुधवार सुबह 32 वर्षीय एक व्यक्ति ने ट्रैक्टर से कुचलकर अपने पिता की कथित तौर पर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि मिराज तहसील के बेदाग गांव में हुई इस घटना में दाजी उर्फ दादू गणपति अकाले ( 70 ) नाम के बुजुर्ग की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि अकाले ने अपने बेटे से 70,000 रुपए वापस करने के लिए कहा था, जो उसने दो साल पहले उधार लिए थे। अधिकारी ने बताया कि इसके बाद दोनों के बीच तीखी बहस हुई और गुस्से में आकर बेटे ने कथित तौर पर अपने पिता को ट्रैक्टर से कुचल दिया। उन्होंने बताया कि आरोपी पुत्र के खिलाफ भारतीय दंड संहिता ( आईपीसी ) की धारा 302 (हत्या ) के तहत मामला दर्ज किया गया है और आगे जांच की जा रही है।





चुनार।नगर के स्टेशन रोड़ स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर पर ज्येष्ठ मास में बड़े मंगल के दिन मंदिर में विधि विधान से सुबह पूजा पाठ कर निःशुल्क शर्बत का वितरण किया गया।इस दौरान मार्ग से आने जाने वाले राहगीर व स्थानीय लोग मंदिर पर पहुचें, शर्बत पीकर तृप्त हुए और तेज धूप से राहत महसूस करते हुए अपने गंतव्य की ओर आगे बढ़े।वहीं लोगों को शर्बत पिलाकर गर्मी से राहत दिलाने का कार्य करते हुए मुहल्लेवासी भी अपने को धन्य हुए। शर्बत वितरण का कार्यक्रम दिन में 10 बजे से शुरू हुआ जो शाम तक निरंतर चलता रहा। इस दौरान किशन गुप्ता, विशाल, सौरभ, साहिल, गोलू शर्मा, लकी, बाबी, गोलू गुप्ता, शमशेर बहादुर, राकेश मोदनवाल, राजेन्द्र प्रजापति, अफसर अली, संग्राम, सहित भारी संख्या में मुहल्ले वासी शर्बत वितरण के सहयोग मे लगे रहे।

# मुख्यमंत्री के आदेशों को भूले मनपा आयुक्त

## थाना महानगर पालिका ने की शुरूआत...

### शिकायत के लिए नहीं शुरू हो पाई हेल्पलाइन वेबसाईट



**मुंबई** : मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पिछले गुरुवार और शुक्रवार को मुंबई के नाला सफाई का खुद जमीन पर उतर कर जायजा लिया था। मुख्यमंत्री ने मनपा आयुक्त चहल को निर्देश दिया था कि नाला सफाई नहीं होने पर लोगो को शिकायत करने के लिए हेल्पलाइन नंबर और फोटो निकालकर शिकायत करने के लिए वेबसाइट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था। मुख्यमंत्री ने सोमवार से हेल्प लाइन और वेबसाइट शुरू करने का निर्देश दिया था। मुख्यमंत्री के आदेश का एक सप्ताह बीत जाने के बावजूद मनपा प्रशासन मुंबई की जनता को सुविधा नहीं उपलब्ध करा पाई है। जबकि थाना महानगर पालिका ने अपने लोगो को यह सुविधा उपलब्ध करा रही है ।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पहले मुख्यमंत्री है जो कि मुंबई के नाला सफाई का खुद जमीन पर उतरकर जायजा ले रहे है। मुख्यमंत्री शिंदे पिछले गुरुवार और शुक्रवार को मुंबई के शहर और उपनगर के नालों का जायजा लिया था।मुख्यमंत्री ने मनपा आयुक्त को निर्देश दिया था कि नाला सफाई के समय नालों से निश्चित कीचड़ ही नहीं निकाला जाए। नालो की गहराई तक जमीन तक के कीचड़ निकाले जाए जिससे मानसून के दौरान मुंबई में जल जमाव की स्थिति न पैदा हो। मुख्यमंत्री ने मनपा आयुक्त को निर्देश दिया था कि मुंबई की जनता नाला सफाई न होने पर इसकी शिकायत मनपा को कर सके इसके लिए मनपा हेल्प लाइन नंबर जारी करे जिस पर लोग फोन कर अपनी शिकायत कर सके इसी तरह नालो में कीचड़ पड़े होने पर उसकी शिकायत फोटो निकाल कर सके इसकी भी सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था। मुख्यमंत्री शिंदे ने यह सुविधा सोमवार से उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था। मनपा प्रशासन मुख्यमंत्री के आदेशों का पालन करना ही भूल गई है। सोमवार बीत जाने के बावजूद मनपा अभी तक हेल्पलाइन लाइन नंबर की शुरूआत नहीं कर पाई है और न ही वेबसाइट की भी शुरूआत कर पाई है।

# मुंबई के झोपड़ाधारकों को ढाई लाख में घर देगी सरकार: फडणवीस



**मुंबई** : उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि मुंबई के झोपड़ाधारकों को सरकार की ओर से ढाई लाख रुपये में पक्का घर दिया जाएगा. सरकार की ओर से शुरू की गई यह पुनर्वसन आवास योजना एक जनवरी, 2000 से एक जनवरी 2011 तक के झोपड़ाधारकों के लिए लागू की जाएगी. इस निर्णय से लाखों झोपड़ाधारकों को उनके सपने का पक्का घर मिल सकेगा. देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि उन्होंने 7 सितंबर, 2018 को एक सर्कुलर जारी किया था लेकिन 2019 में उनकी सरकार चली गई, इसलिए इस योजना पर काम नहीं किया गया था. उस समय उन्होंने सर्कुलर जारी कर एसआरए योजना के तहत झोपड़ाधारकों को पक्के घर के मूल्य निर्धारण का आदेश जारी किया था. अब उनकी सरकार वापस आने के बाद उन्होंने इस बाबत अधिकारियों के साथ चर्चा कर निर्णय लिया है. देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि इस निर्णय से मुंबई का चेहरा बदल जाएगा और झोपड़ाधारकों को पक्के मकान भी मिल जाएंगे. इससे झोपड़ाधारकों के जीवन में भी बदलाव आएगा.

# पेट्रोल पंप मालिक को 15 बार चाकू से गोद कर मार डाला...

## बेटी ने दी थी 5 लाख की सुपारी




**महाराष्ट्रः** पिता की प्रताड़ना से परेशान बेटी ने पिता को मारने की साजिश रची और उसमें वह कामयाब भी हो गई. बेटी ने पिता की पांच लाख सुपारी देकर पिता की हत्या करवा दी. बताया गया कि मृतक पिता के किसी दूसरी महिला के साथ अवैध संबंध थे, जिसका उसकी बेटी और पत्नी विरोध करते थे. परिवार के विरोध करने पर वह बेटी और पत्नी के साथ आए दिन मारपीट करता था. मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, नागपुर पुलिस ने बीते मंगलवार को भिवापुर के पेट्रोल पंप मालिक दिलीप सोनटक्के की 35 साल की बेटी को पिता की कथित हत्या के लिए 5 लाख की सुपारी देने के आरोप में गिरफ्तार किया है. पुलिस जानकारी के अनुसार, 17 मई को नागपुर-नागभीड हाईवे पर दिलीप सोनटक्के के पेट्रोल पंप पर तीन नकाबपोश हमलावरों ने सोनटक्के की चाकू मारकर हत्या कर दी.

पुलिस के मुताबिक, हमलावरों ने 15 बार दिलीप सोनटक्के को चाकू मारा. नागपुर पुलिस ने कहा कि दिलीप सोनटक्के की बेटी प्रिया माहुरतले उसे मरवाना चाहती थी, क्योंकि वह उसकी मां और परिवार के बाकी लोगों को काफी दिनों से प्रताड़ित कर रहा था. परिवार वाले दिलीप सोनटक्के के अवैध संबंधों का विरोध कर रहे थे.पुलिस के अनुसार, आरोपी प्रिया को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे दो दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है. पुलिस ने बताया कि प्रिया का पति किशोर भी अपने ससुर दिलीप सोनटक्के के पेट्रोल पंप पर काम करता था. हमलावर पेट्रोल पंप से 1.34 लाख रुपये नकद भी लूट ले गए थे.

# मुंबईकरों को लगा बड़ा झटका!

## 524 इमारतें खतरनाक घोषित, जल्द करना होगा खाली...



**ठाणे** : नवी मुंबई नगर निगम ने शहरी क्षेत्र के विस्तृत सर्वेक्षण के बाद अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाली 524 इमारतों को खतरनाक घोषित किया है। नगर निकाय ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। नवी मुंबई नगर निगम के आयुक्त राजेश नार्वेकर की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इन भवनों में से 61 सी-1 श्रेणी (सबसे खतरनाक, रहने के लिए अनुपयुक्त तथा तत्काल गिराए जाने की आवश्यकता) में आते हैं। वहीं 114 सी-2ए श्रेणी (खाली करने तथा संरचनात्मक मरम्मत की आवश्यकता), 300 सी-2बी (बिना खाली कराए मरम्मत की जरूरत) और 49 सी-3 श्रेणी (मामूली मरम्मत की जरूरत) में आते हैं। नगर निकाय के अनुसार, सी-1 श्रेणी में आने वाले भवनों की बिजली और पानी की आपूर्ति तुरंत काट दी जाएगी।

इन इमारतों को तत्काल गिराया जाएगा। विज्ञप्ति के अनुसार, खतरनाक इमारतों के मालिकों और इनमें रहने वालों को परिसर खाली करने के लिए कहा गया है ताकि किसी भी दुर्घटना तथा जनहानि को टाला जा सके।

# केंद्र के बाद होगा महाराष्ट्र सरकार का मंत्रिमंडल विस्तार !

## लॉबिंग में जुटे एकनाथ शिंदे और बीजेपी के विधायक

**मुंबई:** राज्य की एकनाथ शिंदे सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार का शुभ मुहूर्त मोदी सरकार के मंत्रिमंडल में संभावित बदलाव के कारण अटका हुआ है। सूत्रों का कहना है कि इस महीने के अंत तक केंद्र के मंत्रिमंडल में फेरबदल हो सकता है, उसके बाद ही जून के पहले सप्ताह में राज्य में मंत्रिमंडल का विस्तार होगा। बता दें कि जब से 16 विधायकों की अयोग्यता के संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट से फैसला आया है और शिंदे सरकार को जीवनदान मिला है, तब से शिंदे गुट के विधायक मंत्रिमंडल विस्तार की रट लगाए बैठे हैं। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भी जल्द मंत्रिमंडल विस्तार की बात कह कर अपने विधायकों को धीरज बंधा रहे हैं। शिंदे गुट की तरफ से तो मंत्री बनने वालों के नाम तक तय कर लिए गए हैं, लेकिन बीजेपी की तरफ से अब तक ग्रीन सिग्नल नहीं मिल रहा। हालांकि बीजेपी के एक बड़े नेता ने एनबीटी से कहा कि 8 से 10 दिन के भीतर राज्य में मंत्रिमंडल का विस्तार होगा। प्रधानमंत्री के विदेश से लौटते ही केंद्रीय मंत्रिमंडल का भी मामला हल हो जाएगा।



### दोनों तरफ से आठ-आठ मंत्री

खबर है कि इस बार शिवसेना (शिंदे) और बीजेपी के आठ-आठ विधायकों को मंत्री बनाया जा सकता है। यूं शिंदे मंत्रिमंडल में अभी 22 मंत्रियों की जगह खाली है। वर्तमान में एक-एक मंत्री कई-कई मंत्रालयों का प्रभार देख रहा है। इसी तरह एक ही मंत्री कई जिलों का प्रभारी मंत्री भी बना हुआ है। इससे जिलों की विकास योजनाओं के साथ न्याय नहीं हो पा रहा और कई जिलों का काम रुका पड़ा है।

### शिंदे गुट को केंद्र में भी जगह...

इधर शिवसेना (शिंदे) को केंद्रीय मंत्रिमंडल में भी जगह मिल पाने की खबर है। कहा जा रहा है कि केंद्र में शिंदे समर्थक सांसदों के लिए एक कैबिनेट और एक राज्यमंत्री का पद दिया जा सकता है। शिंदे जल्द ही नीति आयोग की बैठक में हिस्सा लेने दिल्ली जाने वाले हैं। वहां इस पर चर्चा हो सकती है। बुधवार को शिंदे ने अपने समर्थक विधायकों के साथ इस मुद्दे पर विचार विमर्श भी किया है। शिंदे ने अपने समर्थक विधायकों को बुधवार की रात अपने सरकारी आवास पर बुलाया था। शिंदे की तरफ से केंद्र में मंत्री कौन होगा, इसके लिए भी लॉबिंग शुरू हो गई है।

## 1 से 4 जून तक वरिष्ठ समाजसेवी अनंत लाल शर्मा गुजरात की यात्रा पर

**विशेष प्रतिनिधि, अहमदाबाद**



गुजरात के सजातीय कारणभूत सामाजिक प्रतिनिधियों से मुलाकात कर शिथिल बड़े सामाजिक संगठन को एक्टिव करना मुख्य ऑब्जेक्टिव -अनंत लाल शर्मा

गुजरात के मेरे प्यारे बंधुओं आप सभी को यह बताते हुए हर्ष हो रहा है कि मैं आगामी 1 जून से लेकर 4 जून तक गुजरात में आप लोगों के बीच उपस्थित रहूंगा। दौरे का शुभारंभ सूरत से होगा इसी दौरान 1 जून को सूरत और उसके आसपास के क्षेत्रों से कुछ सामाजिक बंधुओं से मुलाकात का प्रयोजन है। वहीं सामाजिक सरोकार की अभिलाषा रखने वाले बंधु मेरे मोबाइल पर संदेश साझा कर मुझसे मुलाकात कर सकते हैं।

आगे की यात्रा का दूसरा पड़ाव 2 जून वड़ोदरा और उसके आसपास के क्षेत्र,यहां एक दिन रुक कर कई क्षेत्रीय सामाजिक प्रतिनिधियों से चर्चा कर सामाजिक हितों एवं परोपकारी प्रयासों को दिशा देना मुख्य उद्देश्य रहेगा।

यात्रा का तीसरा एवं अहम मुकाम 3 जून अहमदाबाद या कहे यात्रा का सबसे व्यस्त चरण! यहां सजातीय बंधुओं के साथ शुभ मांगलिक तंत्र पर चर्चा और अलग से संगोष्ठी प्रोविजन किया है और यह सफर 4 जून शाम तक चालू रहेगा तत्पश्चात रात की ट्रेन से 5 जून को मुंबई की वापसी।

अनंत लाल शर्मा ने आगे बताया कि वर्तमान परिवेश में सही आयु, सही समय और सही व्यक्ति के साथ विवाह हो जाना अपने आप में एक बहुत बड़ा सौभाग्य माना जाता। कहा जाता है कि विवाह में विलंब के मुख्य कारण सही कुंडली नहीं मिलना तो कहीं मन व विचार या दहेज की समस्या आ जाना है इसके अलावा बढ़ती आयु के साथ संबंधों का आना भी कम हो जाता है इसी पहेली को सुलझाने में पूरा परिवार चिंतित रहता है सबसे जरूरी और अहम समस्या जो समाज में विकराल रूप धारण कर रही है वह यह है कि हमारा सामाजिक वातावरण कुछ इस प्रकार बन चुका है कि आज के वर्तमान दौर में वर-वधु का मेल, परिवार की प्रतिष्ठा और आर्थिक हालातों पर पर निर्भर हो रही है। यहां यह कहना गलत ना होगा कि जिसके पास जितना धन होता है उसे समाज उतना ही महत्व देता है ऐसे परिदृश्य में लोगों का लालची होना स्वभाविक है। हद तब हो जाती है जब दहेज के इकरारनामे की रकम विवाह की तारीख आते-आते दिन दूनी रात चौगुनी बढ़ती जाती है। हालिया आए कई प्रसंगों के आधार पर मैं बड़ी जिम्मेदारी के साथ अपनी बात रख रहा हूं। कृपया इस पर हम सभी को बड़ी बारीकी के साथ गौर करना होगा।

शेष चर्चा आगमन पर

संपर्कः
अनंतलाल शर्मा
कार्याध्यक्ष, अखिल भारतीय सविता महासंघ
संपर्कः+91 810-839-8430 / +91 829-122-6010

## मोहनलाल जी चांगल के जन्मदिन पर बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं...



इंदौर (राऊ) निवासी वरिष्ठ समाजसेवी, कर्मठ, निष्ठावान, कर्तव्यनिष्ठ, हंसमुख, ऊजार्वान, दंबग, ईमानदार, समाजिक, राजकीय, शेक्षणिक , समाज संगठित करने का दायित्व एवम ओंकारेश्वर मध्यप्रदेश में धर्मशाला का जमीन नीव से निर्माण तक सेवाभावी और दान -दाता और आन -बान -शानभारतीय सेन समाज ओंकारेश्वर क्षेत्र न्यास ट्रस्ट के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री गजानन महाराज के भक्तश्री मोहनलाल जी चांगल इनके जन्मदिन पर बहुत -बहुत बधाई और शुभकामनाएं...

**अशोक लालचंद पवार,अध्यक्ष महाराष्ट्र प्रदेश श्री नारायणी सेना संघटन के सभी मान्यवर पदाधिकारी।**

**पवार परिवार खंडाळा, वैजापुर रोहा महाराष्ट्र छापरवाल परिवार संभाजीनगर**




**राष्ट्रीय संगठन श्री नारायणी सेना, महाराष्ट्र संभाजी नगर कार्याध्यक्ष विलास जी मथुरिया के बेते शुभम जे विवाह समारोह पर प्रदेश नारायणी सेना के तरफसे सम्मान करते हुए अध्यक्ष अशोक लालचंद पवार।।**




## श्री बलराम श्रीवास मध्य प्रदेश ब्यूरो चीफ

श्री बलराम श्रीवास जी को निःशुल्क मध्य प्रदेश ब्यूरो चीफ पद पर नियुक्ति किया जाता है



प्रिय पाठकों हमें आपको यह सूचित करते हुए खुशी हो रही है कि श्री बलराम श्रीवास को हिंदी साप्ताहिक कदम कदम पर में मध्यप्रदेश के ब्यूरो चीफ पद पर नियुक्त किया जा रहा है। आप सभी से विनम्र आग्रह है कि श्रीवास को खबरें और विज्ञापन के लिए यथासंभव सहयोग करें।

बलराम जी पत्रकारिता के लिए आपके असाधारण कौशल, अनुभव और जुनून ने आपको इस भूमिका के लिए हमारे अखबार का एक आदर्श सहयोगी बनाया। हमारा दृढ़ विश्वास है कि आपकी विशेषज्ञता हमारे पाठकों तक सटीक और प्रभावशाली समाचार पहुंचाने के हमारे मिशन में बहुत योगदान देंगे।

आशा है नैतिक पत्रकारिता की प्रथाओं का आप दृढ़ता से पालन करेंगे।

**धन्यवाद**
**सादर**
**छोटे लाल शर्मा**
**प्रधान संपादक, हिंदी साप्ताहिक कदम कदम पर**

## निवेदन :

नाई समाज के सभी संगठनों (पहल परिवार/एआईएमसीईए/कपूरी विचार मंच/राष्ट्रीय नाई महासभा/सैलून एसोसिएशन/सविता महासभा/नंद समाज)के पदाधिकारीगण/कार्यकर्ताओं से निवेदनः-

भाईयों ! संख्या हमारी कम है, संगठन कई हैं किन्तु सभी का उद्देश्य समाज की समस्याओं को खत्म करना और समाज का विकास करना। यदि कोई समस्या आती है तो सभी उत्तरदायी पदाधिकारी को सूचित किया जाय,और शक्ति के साथ संघर्ष करें। सामाजिक नेतृत्व में मौलिक अधिकार पार्टी की संविधान प्रचार यात्रा 10जून2023 अयोध्या से प्रारम्भ होकर वाराणसी, बिहार (सासाराम औरंगाबाद), मध्य प्रदेश (रीवां,सतना), प्रयागराज दि०15/06/2023को प्रातः 10बजे बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर प्रेस वार्ता करेगी। उसी दिन अपराह्न लगभग 2.00बजे अम्बेडकर चौराहे पर बाबा साहब अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर प्रेसवार्ता करेगी,पर्चा बांटेगी। और अमेठी में दिनांक25जून2023 को द्वितीय बेला लगभग 2.00बजेअपराह्नबाबा साहब अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर प्रेस वार्ता करेगी। जिसकी सफलता आपसबके ऊपर निर्भर है। आप सभी से प्रार्थना है अपने अपने जिले में सभी संगठनों के साथी सभी वर्गों के साथ अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर संविधान प्रचार यात्रा को सफल बनावे। सूचना सोशल मीडिया से हो या किसी भी प्रकार से मिले फोन नं 9670657111

पर सम्पर्क कर विशेष जानकारी कर लें।यह आपका अपना कार्यक्रम है। धन्यवाद।

**भवदीय,**
**राम बहादुर शर्मा**
**प्रदेश महासचिव**
**मौलिक अधिकार पार्टी, प्रतापगढ़।**
**मो0 9670657111**

यह साप्ताहिक मालिक, मुद्रक, प्रकाशक छोटेलाल शर्मा ने प्रचिता प्रिंट प्रा. लि. गाला नं.१३, मकाबा बिल्डिंग, एन. एम. जोशी मार्ग, भायखला (प.), मुंबई-४०००२७ से छपवाकर रुम नं. ३, सकला देवी चाल, राहुल मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास, नेहरू नगर, कांजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई-४०००४२ महाराष्ट्र यहां से प्रकाशित किया। संपादकः छोटेलाल शर्मा (मो. ०९८१९८६२१७२) Email : kadamkadampar1@gmail.com